पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय : 3, मार्बल आर्च, सेनापति बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016

+91 22 24306321/24378866 24313938 abvpkendra@gmail.com www.abvp.org

दि. 09 अगस्त 2024

प्रेस विज्ञप्ति

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर सुनियोजित हमले शर्मनाक, शांति स्थापना के लिए हों प्रयास: अभाविप।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बांग्लादेश में हिंसापूर्ण वातावरण तथा अराजकता पर गंभीर चिंता व्यक्त करती है। जिस प्रकार से मजहबी कट्टरपंथी शक्तियों ने पूरे बांग्लादेश को अराजकता तथा हिंसा में झोंक दिया है, बांग्लादेश में जिस प्रकार से लगातार हत्याओं सहित जघन्यतम तथा वीभत्स कृत्य सामने आ रहे हैं, वह बहुत ही चिंताजनक हैं। इससे संपूर्ण मानवता के लिए भी एक गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है।

बांग्लादेश के अलग-अलग हिस्सों से अल्पसंख्यकों के मकान, व्यापारिक स्थल, पूजास्थलों पर लगातार हमले के समाचार प्राप्त हो रहे हैं, हिंदुओं तथा उनसे जुड़े स्थलों पर हमले की दुखद तथा मार्मिक स्थिति सामने आ रहीं हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद माँग करती है कि भारत सरकार तथा अन्तरराष्ट्रीय संस्थाएं, बांग्लादेश में शांति स्थापना के लिए शीघ्र उचित हस्तक्षेप करें।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि बांग्लादेश का जो घटनाक्रम हुआ, उसमें नकारात्मक अंतरराष्ट्रीय शक्तियों ने भी हिंसक, अराजक, अमानवीय तथा मजहबी कट्टरपंथी तत्वों को दिशा दिखाई है। विद्यार्थी परिषद, बांग्लादेश के हिन्दू- बौद्ध सहित समस्त अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए भारत सरकार, बांग्लादेश सरकार एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं एवं संगठनों से हरसंभव कदम उठाने की माँग करती है ।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगम्बर पवार द्वारा जारी की गई है।)